संजय पाटीदार और शिवेंद्र सिंह ने खिताब जीता



सनावद(विजय गुप्ता) रमेश एंड रमेश क्लब इंदौर में आयोजित 35 प्लस डबल बैडमिंटन टूर्नामेंट में संजय कुमार पाटीदार सनावद और शिवेंद्र सिंह भुसावल की जोड़ी ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में लोकेश भूमरकर और मनीष जायसवाल को सीधे दो सेटों में परास्त किया। यह उपलब्धि 35 प्लस वर्ग में इंदौर शहर में पहली बार हासिल की गई है। इस सफलता पर सनावद बैडमिंटन पॉलिटेक्निक क्लब के अध्यक्ष चंद्रगुप्त प्रकोल,आशीष मित्तल,गणेश पटेल, डॉ.राहुल गुप्ता, रामगोविंद बेन, अर्जुन डाबर, एससी चौहान, देवेंद्र पटेल,मुस्तन अली बोहरा,दुर्गाशंकर पाटीदार और बलिराम खरते ने हर्ष व्यक्त किया।

संविधान दिवस के उपलक्ष में न्यायालय परिसर सनावद में किया संविधान वाचन



सनावद(विजय गुप्ता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार आज संविधान दिवस पर सामूहिक संविधान वाचन किया गया माननीय न्यायाधीश श्री असलम देहलवी साहब एवं सु श्री आकांक्षा गर्ग के द्वारा संविधान वाचन किया जिसमें अधिवक्ता गण न्यायालय स्टाप पी एल वी जन ने शपथ ली कि संविधान के अनुरूप व्यवहार एवं कार्य करेंगे उनका अक्षरस: का पालन करेंगे एवं संपूर्ण संविधान के कर्तव्यों का पालन करेंगे भारत का संविधान देश को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है यह अपने सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अधिकार प्रदान करता है आप सभी संविधान का सम्मान करें संविधान के अनुरूप कार्य करे न्यायाधीश गण पीएलवी अधिवक्ता गण ने शपथ ग्रहण की।

जर्जर भवन में संचालित कन्या आश्रम 15 दिन में होगा स्थानांतरित - कलेक्टर



रतलाम। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अजय कटेसरिया ने बड़ावदा में अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास, विमुक्त जाति कन्या आश्रम छात्रावास एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। विमुक्त जाति कन्या आश्रम छात्रावास के जर्जर भवन को देखते हुए कलेक्टर ने छात्रावास को 15 दिन के भीतर अन्य भवन में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। इसके लिए पुराने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन को उपयुक्त विकल्प मानते हुए आवश्यक योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानीय लोगों ने नर्सिंग स्टाफ की कमी का मुद्दा उठाया। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल परिसर का सीमांकन कराकर अवैध अतिक्रमण हटाने तथा पक्के अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाने के लिए एसडीएम को निर्देशित किया। कलेक्टर ने अस्पताल में प्रसव, बाह्य रोगी विभाग की व्यवस्था और पंजियों का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सकों की ड्यूटी दिवसवार निर्धारित करने के निर्देश दिए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ वैशाली जैन, एसडीएम विवेक सोनकर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद-विधायक की राजनीतिक खींचतान में पिस रही मनासा की जनता, मूलभूत सुविधाएं ठप, विकास कार्य प्रभावित

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामप्रसाद कसेरा सहित कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप

मनासा। नगर में इन दिनों सांसद, विधायक और नगर परिषद अध्यक्ष के बीच चल रही राजनीतिक खींचतान का असर अब नगर के विकास कार्यों और आम जनता की मूलभूत सुविधाओं पर दिखाई देने लगा है। पेयजल, सफाई और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रभावित होने से नागरिक परेशान हैं।

वहीं जनप्रतिनिधियों के आपसी विवाद के चलते नगर परिषद के कामकाज पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई में नगर का विकास ठप हो रहा है और जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामप्रसाद कसेरा ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दौरे के दौरान विधायक द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष सांसद की कुर्सी हटवाने के घटनाक्रम से विवाद ने तूल पकड़ा। इसका असर नगर परिषद की बैठकों पर भी देखने को मिल रहा है। सांसद गुट के पार्षदों की अनुपस्थिति के चलते कोरम के अभाव में परिषद की बैठक स्थगित हुई। इसके बाद विधायक ने मोर्चा संभालते हुए अपने भाई को प्रतिनिधि बनाकर भेजा और पार्षदों पर दबाव बनाकर 19 प्रस्ताव पारित करवाए। इस दौरान प्रेसिडेंसी इन काउंसिल (पीआईसी) में राजस्व विभाग की सभापति अर्चना इंवर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। कसेरा का आरोप है कि इन घटनाक्रमों के पीछे राजनीतिक खींचतान प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि विधायक और सांसद के बीच लंबे समय से मनमुटाव चल रहा है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी और विधायक के बीच भी सहमति नहीं बन पा रही है। आरोप लगाया कि विधायक की सहमति से करोड़ों रुपये की भूमि, भवन और अन्य संस्थाओं को सौंपे जाने के



फैसले किए गए, जिससे नगर परिषद अध्यक्ष और विधायक के बीच राजनीतिक प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। दोनों पक्ष आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने में जुटे हैं, लेकिन इस पूरी खींचतान में नगर के विकास कार्य पीछे छूट रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने स्वच्छता अभियान और विकास शुल्क की राशि के उपयोग को लेकर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि कॉलोनियों से वसूले जाने वाले विकास शुल्क और आश्रय निधि के नाम पर गरीब बस्तियों में खर्च की जाने वाली राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप नहीं हो रहा है। विधायक के दबाव में नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा उक्त राशि स्विमिंग पूल के बकाया भुगतान में खर्च किए जाने का आरोप भी लगाया गया। इसके बावजूद जनता को स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शशि कसेरा के कार्यकाल में स्विमिंग पूल सहित वृंदावन गार्डन को पर्यटन के नक्शे पर उभारने का प्रस्ताव भी रखा गया था।

गांधी सागर का पानी नगर तक पहुंचाने की मांग

कांग्रेस नेताओं ने पेयजल व्यवस्था को लेकर भी नगर परिषद और प्रशासन को घेरा। उनका कहना है कि गांधी सागर बांध की पेयजल योजना से मनासा नगर को पानी उपलब्ध कराने की दिशा में राजनीतिक विवादों के कारण कोई ठोस पहल नहीं हो पा रही है। रामप्रसाद कसेरा ने मांग की कि गांधी सागर बांध का पानी तत्काल नगर की जनता को पेयजल के रूप में उपलब्ध कराया जाए और योजना को नियमित किया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नगर में एक माह में मात्र आठ बार पेयजल सप्लाई की जा रही है, जबकि जलकर के रूप में पूरे 30 दिन का पैसा लिया जाता है। इसके बावजूद अधिकांश मोहल्लों में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके साथ ही नामांतरण और निर्माण अनुमति के मामलों में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नगर की जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है, जबकि जनप्रतिनिधि राजनीतिक खींचतान में उलझे हुए हैं। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामप्रसाद कसेरा, पार्षद सत्यनारायण लश्कर, पार्षद बाबू कछवा और पार्षद ज्योति मुंदड़ा ने चेतावनी दी कि यदि नगर की मूलभूत सुविधाओं में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आंदोलन किया जाएगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर परिषद अध्यक्ष, विधायक और सांसद की होगी।

संविधान दिवस पर विद्यार्थियों ने लिया संविधान के सम्मान और रक्षा का संकल्प





रतलाम। शासकीय माध्यमिक विद्यालय खाराखेड़ी में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद एवं संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर विद्यार्थियों को संविधान की रक्षा एवं सम्मान का संकल्प दिलाया गया। संस्था प्रधान ललिता कुशवाह ने विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है। प्रत्येक नागरिक को इसका सम्मान करते हुए इसके आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए। शिक्षक नरेंद्र सिंह पवार ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी दी, वहीं शिक्षिका प्रियंका पटेल ने प्रस्तावना का वाचन कराया। इस अवसर पर चित्रकला, निबंध एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



सांसद श्रीमती चौहान ने दो बेराज का शिलान्यास किया

रावटी। जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद एवं अतिथियों द्वारा सरस्वती वंदनाकर कार्यक्रम की शुरुआत की रतलाम झाबुआ अलीराजपुर सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान ने दो बेराज का शिलान्यास किया जिसमें धावडिया बेराज 9 करोड़ 55 लख 78000 तथा बोर पाडा बेराज 8 करोड़ 103000 का बनने जा रहा है जिसमें क्रमशह 570 हैक्टेयर एव 469 हैक्टेयर की सिंचाई होगी जिससे धावाडिया से 581 किसान लाभान्वित होंगे वहीं बोरपाड़ा बेराज से 250 किसान लाभान्वित होंगे जिससे छह गांव का कायाकल्प होगा कार्यक्रम का शिलान्यास जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट द्वारा ऑनलाइन चर्चुअल शिलान्यास किया गया उन्होंने कहा कि और भी बैराज बनने जैसी जगह हो तो मुझे अवगत कराये मैं और माननीय मुख्यमंत्री जी स्वीकृती करने में देर नहीं करेंगे संचालन करता द्वारा जल संसाधन मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए संचालन कर्ता हरिश ठक्कर ने कहा गया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी आभार व्यक्त किया मंत्री जी द्वारा हस्तक्षेप करने पर बाद में भूल सुधार कर मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त किया सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार, ने कहा की सरकार कोई भी हो चुनाव अपनी जगह होता है बाद में जनता का भला कैसे कर सकते हैं जीसे मिलजुल कर ही पुरा किया जा सकता है उन्होंने क्षेत्र की भलाई के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखने का शांतवना दी सभा को पूर्व विधायक संगीता चारेल, ने कहा कि मेरे कार्यकाल में 3000 करोड़ का विकास हुआ आज भी भारतीय जनता पार्टी सरकार विकास के लिए कृत संकल्पित है सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है जैसे प्रधानमंत्री आवास किसान सम्मान निधि लाडली बहना योजनाएं चला रखी है जो जनहित में है इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कैलाश मुनिया,सांसद प्रतिनिधि संजय टांक, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष गोविन्द डामर, जनपद अध्यक्ष सैलाना कैलाशीबाई चारेल,भाजपा रावटी मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह जाट,नरेंद्र वसुनिया, पंकज राठौड़, भेरू सिंह निनामा, मोतीलाल निनामा,सुरेश सिंगाड़, भेरूलाल पोरवाल, भवरलाल डोडियार, प्रकाश ग्वालियरी, श्यामलाल राठौड़, सरपंच धापुड़ी बाई देवडा , सरपंच लाहलिंग देवडा ,सतीश डोडियार, सुरेन्द्र देवडा, राजेश पडियार, ऋषि गरवाल, मुकेश सिंगाड़, संजय झोडीया, मनीष डामर, प्रमोद देवडा, लक्ष्मण चरपोटा, बल्लू गरवाल रामचंद्र खराड़ी, शैतान सिंगाड़,झिंतलम डामर,पप्पूमईडा,कमल पोरवाल, कृष्णा डोडियार! शासकीय जल सनसाधन विभाग के अधिकारी कार्यपालीयंत्री एनपी देव सहायक कार्यपालन यंत्री रतन सिंह मीना इस अवसर पर मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिश ठक्कर द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार सरपंच लाहलींग देवडा द्वारा मना गया।

हिंदी और इतिहास विषयों में पीजी कोर्स शुरू करने की मांग

सनावद(विजय गुप्ता)। श्रीमंत बाजीराव पेशवा शासकीय महाविद्यालय सनावद और जवाहरलाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय बड़वाह में हिंदी और इतिहास विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग विद्यार्थी लंबे समय से करते आ रहे हैं।दोनों ही महाविद्यालयों में हिंदी और इतिहास विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अध्ययन की सुविधा नहीं होने के कारण सनावद और बड़वाह क्षेत्र के विद्यार्थियों को बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है।इस कारण विद्यार्थियों पर आर्थिक भार बढ़ता है। विद्यार्थियों की मांग से सहमति व्यक्त करते हुए विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार से सनावद और बड़वाह के शासकीय महाविद्यालयों में आगामी शिक्षा सत्र से हिंदी और इतिहास की स्नातकोत्तर की कक्षाएं शुरू करने की मांग की है। मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री को प्रेषित पत्र में विधायक ने बताया कि सनावद और बड़वाह के महाविद्यालयों में अध्ययन करने वाले अधिकांश विद्यार्थी छोटे कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं। वर्तमान में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम में हिंदी एवं इतिहास विषयों की महत्वपूर्ण भूमिका होने के कारण स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी हिंदी और इतिहास विषयों में स्नातकोत्तर (एमए) की उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं। किंतु सनावद और बड़वाह के महाविद्यालयों में हिंदी एवं इतिहास विषयों की पीजी कक्षाएं संचालित नहीं होने से विद्यार्थियों को मजबूरन बड़े शहरों के महाविद्यालयों में अध्ययन हेतु जाना पड़ता हैइस कारण विद्यार्थियों पर आर्थिक भार बढ़ता है और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैइस कारण अनेक छात्र-छात्राएं उच्चशिक्षा से वंचित रह जाते हैं।विधायक ने मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री से सनावद और बड़वाह के शासकीय महाविद्यालयों में आगामी शिक्षा सत्र से हिंदी एवं इतिहास की स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू की मांग की है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अंतिम अवसर, 11 दिसंबर तक कर सकेंगे आवेदन

रतलाम। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिले में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं दावे-आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर, सैलाना, जावरा एवं आलोट में यह प्रक्रिया जारी है। निर्वाचन विभाग ने 18 से 19 वर्ष आयु के युवाओं के साथ ही 19 वर्ष से अधिक आयु के उन नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील की है, जिनका नाम अभी तक सूची में शामिल नहीं है। ऐसे नागरिक अपने संबंधित मतदान केंद्र पर बीएलओ से संपर्क कर 11 दिसंबर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पुनरीक्षण कार्य की निगरानी के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा उज्जैन संभाग आयुक्त को रतलाम जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। वे 1 से 6 दिसंबर 2026 के बीच जिले का भ्रमण कर विभिन्न मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

स्पीड ब्रेकर निर्माण के दौरान लगा भीषण जाम, पांच ट्रक आपस में भिड़े

लोहे के सरियों से भरे ट्रक का केबिन तोड़कर चालक तक पहुंचे सरिए, एक घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी और कटर से निकाला बाहर

नामली। नामली-पलदूना रोड स्थित फोरलेन हाईवे पर गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे स्पीड ब्रेकर निर्माण के दौरान भीषण ट्रैफिक जाम लग गया। इसी दौरान अचानक ब्रेक लगने से पांच मालवाहक वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में चार ट्रकों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि एक ट्रक में भरे लोहे के सरिए केबिन को तोड़ते हुए चालक की सीट तक जा पहुंचे। चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। उसे करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी और कटर की मदद से बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार फोरलेन कंपनी के कर्मचारी हाईवे पर नए स्पीड ब्रेकर का निर्माण कर रहे थे। निर्माण कार्य के चलते सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी और देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सैकड़ों ट्रक रेंगते हुए निकल रहे थे। इसी दौरान रामा श्री कृषि फार्म के सामने यातायात जाम होने से आगे चल रहे ट्राले के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके चलते पीछे आ रहे तीन मालवाहक ट्रेलर और एक ट्रक एक-दूसरे से टकराते चले गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों वाहनों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए तथा दो वाहनों के डीजल टैंक भी फट गए। वहीं राजस्थान की ओर जा रहे लोहे के सरियों से भरे पांचवें ट्रक के चालक ने भी अचानक ब्रेक लगाए, लेकिन ट्रक में भरे भारी-भरकम सरिए केबिन को तोड़ते हुए चालक की सीट के नीचे तक घुस गए। इससे चालक आगे की बॉडी और



सीट के बीच बुरी तरह फंस गया। चालक की बचाओ-बचाओ की आवाज सुनकर आसपास मौजूद ट्रक चालक और नागरिक तत्काल मौके पर पहुंचे। लोगों ने सब्बल और हथौड़ों की मदद से केबिन तोड़कर चालक को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद जेसीबी और कटर की मदद से ट्रक के केबिन को काटकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया। एंबुलेंस की मदद से उसे मेडिकल कॉलेज रतलाम भेजा गया। चालक के पैर में चोट आई है। हादसे के बाद हाईवे के दोनों ओर ट्रकों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। नागरिकों और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर धीरे-धीरे यातायात बहाल करवाया। करीब दो घंटे बाद हाईवे पर आवागमन सामान्य हो सका।

दिन में निर्माण कार्य और भारी यातायात बना परेशानी का कारण

स्थानीय स्तर पर हादसे की मुख्य वजह स्पीड ब्रेकर निर्माण के दौरान यातायात जाम होना बताई जा रही है। हाईवे पर दिन के समय भारी वाहनों की आवाजाही जारी थी, वहीं फोरलेन कंपनी के कर्मचारी सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने का काम कर रहे थे।

पर्याप्त यातायात प्रबंधन नहीं होने से जाम की स्थिति बनी और इसी बीच यह हादसा हो गया। हादसे के बाद निर्माण कार्य में लगे कर्मचारी रोलर सहित अन्य उपकरण लेकर मौके से रवाना हो गए। हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।